MEAT INDUSTRY EMPLOYEES'

लाभों और लागतों का संक्षिप्त विवरण

MIESF द्वारा अपना सारा लाभ अपने सदस्यों में बाँट दिया जाता है रिटर्न्स ज़्यादा - लागतें कम		
आवंटित आय –MIESF मायसूपर	2015/16	5.8% प्र.व. (पेंशन संभाग के लिए 6.3% प्र.व.)
ऐतिहासिक आकड़े –MIESF मायसूपर	5 साल का औसत 10 साल का औसत 20 साल का औसत 33 साल का औसत	7.9% प्र.व. (पेंशन संभाग के लिए 8.7% प्र.व.) 5.1% प्र.व. (पेंशन संभाग के लिए 5.7% प्र.व.) 6.8% प्र.व. (पेंशन संभाग के लिए 7.6% प्र.व.) 8.5% प्र.व.(पेंशन संभाग की शुरुआत 1995 में हुई थी)
हाई ग्रोथ ऑप्शन (उच्च बढ़ोतरी विकल्प)	फंड द्वारा मुख्य संभाग के सदस्यों को एक ऐसा निवेश विकल्प उपलब्ध कराया जाता है जिसे " हाई ग्रोथ ऑप्शन (उच्च बढ़ोतरी विकल्प)" के नाम से जाना जाता है, यह विकल्प 31 जनवरी 2009 से चालू हुआ था। 2015/16 के लिए हाई ग्रोथ ऑप्शन (उच्च बढ़ोतरी विकल्प) की आवंटित कमाई दर 3.0% प्र. व. थी। 5 साल का औसत 10.2% प्र. व. और 7 साल का औसत 10.2% प्र. व.रहा।	
30 जून 2016 को कुल संपत्ति	$717 मिलियन	
30 जून 2016 को फंड का आकार	सदस्यता पंजीकृत "सक्रिय" रोज़गारदाता	23,800 1,975
प्रबंधन शुल्क	प्रबंधन	$67.60 प्र. व. प्रत्येक खाते में से काटे गये (1 जनवरी 2017 से यह राशि बढ़कर $78 प्र. व. हो जायेगी) यदि MIESF मायसूपर में निवेश किया गया हो तो आपके खाते के बैलैंस (खाते में उपलब्ध धनराशि) का 0.53% प्र. व.या फ़िर यदि हाई ग्रोथ ऑप्शन (उच्च बढ़ोतरी विकल्प) में निवेश किया गया हो तो आपके खाते के बैलैंस (खाते में उपलब्ध धनराशि) का 0.37% प्र. व.। यह लागतें फंड की निवेश से संबंधित लागतें हैं। प्रविष्टि (एन्ट्री) का कोई शुल्क नहीं है, लेकिन फंड से पैसे निकालने पर हर बार पैसे निकालने के लिए$35 का शुल्क देना होगा।
मृत्यु, लाईलाज बिमारी तथा संपूर्ण और हमेशा के लिए अक्षमता (TDP) का बीमा कवर **MIESF के सदस्यों में से ९3% ने बीमा करवा रखा है**	65 वर्ष से कम आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को $200,000 का मृत्यु और लाईलाज बीमारी बीमा कवर मिलता है। 65 से 69 वर्ष की आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को मृत्यु का $35,000 का बीमा कवर मिलता है। 65 से 68 वर्ष की आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को लाईलाज बीमारी का $35,000 का बीमा कवर मिलता है। 39 वर्ष से कम आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को हमेशा के लिए अक्षमता (TDP) का $200,000 का बीमा मिलता है।39 से 64 वर्ष तक की आयु के बीच बीमा कवर का स्तर तेज़ी से कम होता जाता है और 65 वर्ष की आयु से यह $0 हो जाता है। लागत में होने वाले खर्चे के लिए हर योग्य एलिजेबल सदस्य के खाते में से प्रति सप्ताह $5.60 निकाले जाते हैं। आप फंड की, तारीख़ 22 अक्टूबर 2014 की, बीमा पुस्तिका, इंटरनैट पर, **miesf.com.au/pds** पर देख सकते हैं। बीमा के कवर पर विभिन्न प्रकार के प्रतिबंधों के बारे में उस बीमा पुस्तिका के पृष्ठ 3 और 4 पर समझाया गया है।	
पेंशन संभाग	55 साल या उससे ज़्यादा उम्र वाले सदस्य ऊपर बताये गये शुल्कों के समान कम "प्रबंधन शुल्क" देकर एक MIESF पेंशन खाता खुलवा सकते हैं।	
स्वैच्छिक योगदान	सदस्यों द्वारा बिना किसी अतिरिक्त लागत के स्वेच्छा से योगदान (अतिरिक्त पैसे जमा) किए जा सकते हैं और ऐसा करने वाले सदस्य सरकारी सह-भुगतान के योग्य (एलिजेबल) भी हो सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि अगर आपकी आयु 65 वर्ष या अधिक की है तो, आप, सदस्य द्वारा स्वैच्छिक योगदान का, विकल्प तभी अपना सकते हैं जब आपके पास कम से कम अंश-कालिक (पार्ट-टाइम) रोज़गार हो। अगर आपकी आयु 75 वर्ष या अधिक की है तो, आप अपने सूपरएन्युएशन में ये योगदान (अतिरिक्त पैसे जमा) नहीं कर सकते।	
आपका इण्डस्ट्री फंड	MIESF की स्थापना 30 वर्ष पहले की गई थी। यह मांस उद्योग में काम करने वाले लोगों को सूपरएन्युएशन प्रदान करने वाले एक बहु रोज़गारदाता फंड के रुप में ऑस्ट्रेलिया-भर में काम करता है।	

उपरोक्त विवरण केवल एक संक्षिप्त विवरण है। कृपया ध्यान दें कि निवेश का, पूर्व का प्रदर्शन, भविष्य के प्रदर्शन का विश्वसनीय संकेतक नहीं होता है।

फंड के लाभों, लागतों और संचालन का विवरण हमारे, तारीख़ 22 अक्टूबर 2015 के, नवीनतम प्रॉडक्ट डिस्क्लॉज़र स्टेटमैंट (PDS) में देखा जा सकता है। पेंशन संभाग के सदस्यों के लिए तारीख़ 22 अक्टूबर 2015 का एक PDS भी उपलब्ध है।

आप इन PDSs की इंटरनैट पर **miesf.com.au/pds** पर समीक्षा कर सकते हैं या फ़िर, अगर आप एक मुद्रित (प्रिंटेड) प्रति चाहते हैं तो, कृपया 1800 252 099 पर फोन करें। फंड में अपनी रुचि जाग्रत करने या निरंतर जारी रखने के बारे में निर्णय लेने से पहले आपको फंड के प्रॉडक्ट डिस्क्लॉज़र स्टेटमैंट्स के बारे में सोचना चाहिए।

मीट इण्डस्ट्री एम्पलाईज़' सूपरएन्युएशन फंड प्राइवेट लिमिटेड, (ABN 58 005 793 199) (AFSL 239953) (RSE L000 1434) माय सूपर ऑथोराइज़्ड 17317520544110 इस फंड का ट्रस्टी है

MEAT INDUSTRY
EMPLOYEES'

MIESF से निवेश के बहुत ही अच्छे रिटर्न्स

निवेश के रिटर्न्स

30 जून **2016** को ख़त्म हुए वर्ष के लिए सदस्यों के खातों के लिए आवंटित रिटर्न्स (निवेश की कुल लागतें और कर) इस प्रकार थे:

5.8% **MIESFM मायसूपर में निवेश करने वाले एक्यूमलेशन सदस्यों के लिए**

3.0% **हाई ग्रोथ ऑप्शन (उच्च बढ़ोतरी विकल्प) चुनने वाले एक्यूमलेशन सदस्यों के लिए**

6.3% **पेंशन संभाग के सदस्यों के लिए**

सन् 2015/2016 का वित्तीय वर्ष निवेशकों के लिए एक कठिन समय रहा, ऑस्ट्रेलियाई और अन्तर्राष्ट्रीय शेयरों पर 0% के आसपास रिटर्न्स मिले।

MIESFM मायसुपर में निवेश करने वाले सदस्यों के लिए आवंटित किया गया 5.8% रिटर्न एक बहुत ही अच्छा रिटर्न है। ऑस्ट्रेलियन सुपरएन्युएशन फंड्स के मायसुपर खातों में, यह सबसे ज़्यादा रिटर्न देने वालों में ऊपर से लगभग तीसरे स्थान पर है।

सदस्य, अपने एन्युअल बैनिफिट स्टेटमैंट को देख कर यह जान सकते हैं कि, उनके सुपरएन्युएशन खाते पर इन निवेश रिटर्न्स का क्या प्रभाव पड़ा है।

अगर आपको अपना बेनिफिट स्टेटमैंट 1 नवंबर 2016 तक नहीं मिले तो, कृपया फंड को फ़ोन करें।

कृपया, कुछ मिनटों का समय निकाल कर, इस पृष्ठ के पीछे की तरफ दिखाये गये MIESF के "लाभों और लागतों के संक्षिप्त विवरण" की समीक्षा करें।

सूपरएन्युएशन गारंटी योगदान

आपके रोज़गारदाता द्वारा किये गये कम्पलसरी सूपरएन्युएशन गारंटी योगदान बढ़कर, 1 जुलाई 2014 से हुई आपकी सामान्य कमाई का, 9.5% हो गये होंगे।

MIESF आपका इण्डस्ट्री फंड है

MISEF की स्थापना 1981 में AMIEU ने की थी। इस फंड को निरंतर उस यूनियन का समर्थन मिलता आ रहा है। फंड का नियंत्रण करने वाली ट्रस्टी कंपनी में एक इंडिपैंडैन्ट (निष्पक्ष) अध्यक्ष है तथा अन्य निर्देशकों में से आधों को यूनियन द्वारा सदस्यों के प्रतिनिधि के रुप में नामांकित किया जाता है।

इस फंड का उद्देश्य मांस कर्मचारियों को एक कम लागत वाला, सरल तथा प्रभावशाली सूपएन्युएशन फंड उपलब्ध कराना है। MISEF के मायसूपर का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि आपकी सेवा निवृत्ति धनराशि सुरक्षित रहे तथा वित्तीय रुप से अनावश्यक ख़तरा उठाये बिना, औसतन तथा दीर्घकालीन अवधि में, समान्यतया अच्छे स्तर की दर पर आपको रिटर्न उपलब्ध कराना है जो कि बैंक ब्याज़ दरों से ज़्यादा ऊँची दर हो। जो सदस्य थोड़ा ज़्यादा ख़तरा उठाने की स्थिति में होते हैं वे अपने खाते का कुछ हिस्सा या खाते का सारा पैसा हाई ग्रोथ ऑप्शन (उच्च बढ़ोतरी विकल्प) में डाल सकते हैं।

MIESF मायसूपर के लिए अधिकृत है

MIESF की ट्रस्टी कंपनी को अपने सदस्यों को MIESF मायसूपर उपलब्ध कराने के लिए ऑस्ट्रेलियन प्रूडैंशल रैगुलेशन अथॉरिटी द्वारा अधिकृत किया गया है।

सरकार की क़ानूनी आवश्यकता होती है कि रोज़गारदाता, बहुत से मामलों में, सूपरएन्युएशन योगदान का भुगतान एक ऐसे फंड में करे जो मायसूपर खाता उपलब्ध कराता हो। ये मायसूपर खाते, सदस्यों के लिए उनके सूपरएन्युएशन गारंटी योगादानों हेतु एक काम लागत वाला, सरल तथा प्रभावशाली विकल्प होना ज़रुरी है।

1 जनवरी 2014 से, अगर आपके पास आपका चुना हुआ ऐसा कोई सूपरएन्युएशन फंड नहीं हो जहाँ आपका रोज़गारदाता आपके सूपरएन्युएशन का भुगतान कर सके या आपने कोई निवेश विकल्प नहीं चुना हो तो, आपके सूपर का भुगतान मायसूपर खाते में होना आवश्यक है।

अगर आपने अपने लिए वो सुपरएन्युएशन फंड नहीं चुना है जिसमें आपका रोज़गारदाता आपका योगदान जमा करवाता है या आपने निवेश का विकल्प नहीं चुना है; आपके योगदानों को अवश्य ही एक मायसूपर खाते में जमा करवाना होगा।

अगर आप वर्तमान में MIESF के सदस्य हैं तो, आपके रोज़गारदाता को आपके प्रतिनिधि के रुप में MIESF में आपके सूपर का भुगतान जारी रखना चाहिए।

MIESF के शुल्क कम हैं

मायसूपर के सभी प्रॉडक्ट्स (प्रस्तावों) का कम शुल्क वाला होना, एक सरल निवेश विकल्प होना तथा मृत्यु और स्थाई अक्षमता बीमा कवर प्रदान करने वाला होना ज़रुरी है। MIESF मायसूपर में ये सभी विशेषतायें हैं। कुछ समय के बाद आप मायसूपर के प्रॉडक्ट्स की तुलना करने में सक्षम हो जाने चाहियें और तब आप देखेंगे कि MIESF ऑस्ट्रेलिया में कम लागत वाले सूपरएन्युएशन फंडों में से एक है।

ऑस्ट्रेलियन प्रूडैंशल रेगुलेशन अथॉरिटी ने अपने "इन्साइट इश्यु वन 2014" मे मायसूपर के अधिकृत प्रॉडक्ट्स से एकत्रित आकड़ों का विवरण प्रकाशित किया था। जिन सदस्यों के खाते में जमा राशि $50,000 थी उनके लिए वार्षिक रुप से औसतन कुल प्रबंधन तथा निवेश शुल्क $496 था, $215 से $1,242 के बीच की जमा राशि वाले खाताधारियों के लिए, तुलना के द्वारा, MIESF मायसूपर का शुल्क 2015/2016 में $345 था ।

1 जुलाई सन् 2013 से बीमा की व्यवस्थायें

इस फंड के स्व-बीमाकृत मृत्यु कवर की जगह 1 जुलाई 2013 से एक बीमा पॉलिसी ने ले ली। अब सभी योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को मृत्यु, संपूर्ण और हमेशा के लिए अक्षमता (TDP) तथा लाईलाज बीमारी बीमा कवर प्रदान किया जाता है।

65 वर्ष से कम आयु वाले योग्य एलिजेबल सदस्यों के लिए $200,000 का मृत्यु कवर जारी रखा गया। इस लाभ का अब लाईलाज बीमारी हो जाने पर "जल्दी" भुगतान कर दिया जाता है। 39 वर्ष से कम आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को अब $200,000 का TDP बीमा कवर मिलता है। TDP कवर की धनराशि 39 वर्ष से 64 वर्ष की आयु के बीच तेज़ी से कम होती जाती है और 65 वर्ष की आयु से यह राशि $0 हो जाती है। नये बीमा कवर (स्व-बीमाकृत मृत्यु कवर) के लिए हरेक योग्य (एलिजेबल) सदस्य के खाते से निकाली जाने वाली धनराशि को प्रति सप्ताह $5 से बढ़ाकर प्रति सप्ताह $5.60 कर दिया गया है।

मृत्यु और लाईलाज बीमारी बीमा कवर में 1 जुलाई 2014 से कुछ चीज़ें जोड़ी गई थीं। अब 65 से 69 वर्ष तक की आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को $35,000 का मृत्यु बीमा कवर मिलता है, 65 से 68 वर्ष तक की आयु वाले योग्य (एलिजेबल) सदस्यों को अब लाईलाज बीमारी बीमा कवर भी मिलता है। इस बीमा कवर के लिए प्रति सप्ताह $5.60 निकालने की नीति भी लागू होती है।

बीमा कवर कवर बारे में और अधिक विवरण इस फंड की तारीख़ 22 अक्टूबर 2014 की पुस्तिका में उपलब्ध है जो कि इंटरनैट पर miesf.com.au/pds पर देखी जा सकती है। बीमा कवर में विभिन्न तरह के प्रतिबंधों के बारे, में उस बीमा पुस्तिका के पृष्ठ 3 और 4 पर समझाया गया है।

हमें इस बात की खुशी है कि, प्रति सप्ताह निकाली जाने वाले $5.60 तथा वर्तमान बीमा शर्तें कम से कम 30 जून 2018 तक निरंतर लागू रहेंगी, ऐसे समय में जबकि बहुत से अन्य सुपरएन्युएशन फंड्स ने अपनी बीमा लागतें बढ़ा दी हैं या सदस्यों के लिए के लिए खराब शर्तें लगा दी हैं।

हमसे संपर्क कैसे किया जा सकता है

Administration Officer
Meat Industry Employees' Superannuation Fund
2nd floor, 62 Lygon Street
CARLTON SOUTH VIC 3053
टेलिफोन: 1800 252 099 या
(03) 9662 3861 (मोबाइल फोन से कॉल करने वालों के लिए)
फैक्स: (03) 9662 2430
ईमेल: fundadmin@miesf.com.au

वैबसाइट: **www.miesf.com.au**

HINDI